

प्रदूषण से बचने के लिए मास्क पहनकर प्रैक्टिस पर उतरे बांग्लादेशी खिलाड़ी

नई दिल्ली। रविवार को भारत और बांग्लादेश की टीमें दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 3 टी20 मैच की सीरीज का पहला मैच खेलने उतरेंगी। दिवाली के बाद से ही दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील हो चुकी है। ऐसे में आम और खास सभी दिल्ली के इस खतरनाक वायु प्रदूषण से बेहाल हैं। भारत और बांग्लादेश की टीमें अपने मैच के लिए शुक्रवार को प्रदूषण भरे माहौल में ही प्रैक्टिस करती दिखीं। इस दौरान बांग्लादेशी खिलाड़ी मास्क पहने प्रैक्टिस करते नजर आए। न्यू जीलैंड के पूर्व कप्तान इन दिनों बांग्लादेश के बोलिंग कोच हैं। बांग्लादेश के खिलाड़ी दिल्ली के प्रदूषण भरे माहौल में अभ्यास पर उतरे तो विटोरी ने भी मास्क पहनकर खिलाड़ियों को अभ्यास कराया।

## टीम इंडिया ने नहीं पहना मास्क



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस बीच टीम इंडिया भी अभ्यास के लिए मैदान पर नजर आई। भारतीय टीम ने मुख्य कोच रवि शास्त्री की अगुआई में अपना अभ्यास शुरू किया इस दौरान न तो टीम के किसी खिलाड़ी ने और न ही उसके कोचिंग स्टाफ ने कोई मास्क पहना।

# पीएम मोदी और सचिन को भी भेजा गया है बुलावा: गांगुली

**डे-नाइट टेस्ट**

## भारत के लिए खास होगा यह टेस्ट मैच इसलिए खास हस्तियों को निमंत्रण

- इस लम्हे को शानदार बनाएगा सीएबी, तीन-चार दिन में साफ हो जाएगी पूरी तस्वीर
- अभिनव बिंद्रा, पीवी सिंधु, मैरी कॉम समेत अन्य ओलिंपिक मेडलिस्ट को भी निमंत्रण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। भारत के पहले डे-नाइट टेस्ट मैच का आयोजन 22 से 26 नवंबर को यहां ईडन गार्डेंस स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए बीसीसीआई व्यापक स्तर पर तैयारियां कर रहा है। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने गुरुवार को कहा कि यह मैच भारत के लिए खास होगा और इसी कारण इसके लिए खास लोगों को कोलकाता बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर जैसी हस्तियां शामिल हैं। सौरभ गांगुली ने कहा, हम इसे एक शानदार इवेंट के तौर पर तब्दील करेंगे। 3-4 दिनों में आपको पूरा खाका मिल जाएगा कि क्या होने जा रहा है।

भारत को अपना पहला दिन-रात का टेस्ट मैच बांग्लादेश के साथ खेलना है। बांग्लादेश की टीम अपने भारत दौरे पर 3 टी20 मैच और 2 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। वह अपने दौरे की शुरुआत टी20 सीरीज से करेगी, जिसका पहला मैच नई दिल्ली में रविवार को खेला जाएगा। बांग्लादेश की टीम नई दिल्ली पहुंच चुकी है।

गांगुली ने कहा कि इस मैच के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय को भी निमंत्रण भेज दिया गया है। साथ ही बंगाल क्रिकेट संघ साल 2000 में बांग्लादेश के साथ पहला टेस्ट मैच खेलने वाली टीम के सदस्यों को भी सम्मानित करेगा। इनमें सचिन भी शामिल हैं।

साथ ही सीएबी इस समारोह में भारत के लिए ओलिंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों- अभिनव बिंद्रा, एमसी मैरी कॉम और पीवी सिंधु को भी सम्मानित करेगा।



**सर्दियों में गुलाबी गेंद की पहली परीक्षा:** 22 से 26 नवंबर के बीच ईडन गार्डन पर भारत का पहला डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। सूरज ढलने के बाद जो पूर्वी भारत में करीब 4:15 के करीब हो जाएगा, सर्दी बढ़ जाती है। ओस पड़ने के बाद गुलाबी गेंद किस तरह व्यवहार करेगी यह सवाल सबके दिल में है।

**इन्हें गुलाबी गेंद से खेलने का अनुभव:** चेतेश्वर पुजारा, मयंक अग्रवाल, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और ऋद्धिमान साहा।

# रोहित शर्मा को लगी गेंद प्रैक्टिस छोड़कर जाना पड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बांग्लादेश के खिलाफ तीन नवंबर को होने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की तैयारियों के लिए शुक्रवार को थ्रोडाउन करते हुए गेंद बाईं जांघ पर लग गई, जिससे उन्हें नेट सत्र छोड़कर जाना पड़ा। विराट कोहली की अनुपस्थिति में रोहित तीन मैचों की टी20 सीरीज में टीम की अगुआई करेंगे। उन्हें यह गेंद नेट सत्र के शुरू में ही लग गई। कुछ थ्रोडाउन के बाद एक तेज गेंद उनकी बाईं जांघ पर लग गई।

चोट लगने के बाद वह तुरंत ही नेट सत्र को छोड़कर चले गए और यह दिख रहा था कि जिस तेजी से थ्रोडाउन गेंद उनकी ओर आई थी, वह उससे खुश नहीं थे। भारतीय टीम ने बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ को रखा है ताकि खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का सामना अच्छी तरह कर सकें। आमतौर पर बल्लेबाज नेट में गेंदबाजों का सामना करने से पहले लय हासिल करने के लिए थ्रोडाउन लेते हैं।



पता चला है कि रोहित इसके लिए उपचार ले रहे हैं और वह इसके बाद नेट सत्र में हिस्सा लेने नहीं उतरे। टीम के एक सूत्र ने कहा, 'रोहित को उपचार मिल रहा है और जैसे ही हमें जानकारी मिलेगी हम आपको अपडेट करेंगे।' संजू सैमसन विकेटकीपिंग नहीं, बल्कि अन्य खिलाड़ियों के साथ क्षेत्ररक्षण करते दिखे।

दूसरी ओर, पहली पसंद ऋषभ पंत विकेटकीपिंग में अतिरिक्त समय देते दिखे। सभी की निगाहें मुंबई के 'बिगहिटर' ऑलराउंडर शिवम दुबे पर लगी थी जो मुख्य कोच रवि शास्त्री से बात करते देखे गए।

## नडाल ने वावरिंका को हराया सिटसिपास से भिड़ेंगे जोकोविच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच ने क्रमशः स्तान वावरिंका और काइल एडमंड को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। नडाल ने तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन वावरिंका को 6-4, 6-4 से मात देकर उनके खिलाफ जीत का रिकार्ड 19-3 कर दिया। बारह दफा के फ्रेंच ओपन विजेता नडाल अब क्वार्टर में 2008 के चैम्पियन जो विल्फ्रेड सोंगा से भिड़ेंगे जिन्होंने जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 2-6, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। उनसे पहले सोलह बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन जोकोविच ने ब्रिटेन के काइल एडमंड को 7-6, 6-1 से मात दी और सातवें नंबर के खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से भिड़ंत पक्की की जिनके खिलाफ उनका रिकार्ड 2-1 है। सिटसिपास ने एलेक्स डि मिनौर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। नडाल और जोकोविच के बीच साल के अंत में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रहने की प्रतिद्वंद्विता जारी है। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये उनकी भिड़ंत क्रिस्टियन गारिन से होगी जिन्होंने फ्रांस के क्वालीफायर जेरेमी चार्डी को 6-7, 6-4, 7-6 से मात दी।

## न्यूज डायरी



### गांगुली चाहते हैं- युवा खिलाड़ियों के साथ काम करें तेंडुलकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ गांगुली चाहते हैं कि महान खिलाड़ी सचिन तेंडुलकर युवा खिलाड़ियों को बेहतर बनाने के लिए काम करें। आईएएनएस से बात करते हुए एक सूत्र ने कहा कि इस नए रोल के लिए सचिन को मनाने की प्रक्रिया अभी भी शुरुआती स्टेज पर है, लेकिन गांगुली चाहते हैं कि सचिन आगामी स्टार खिलाड़ियों को बेहतर करने का काम करें। सूत्र ने कहा, प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन इस पर बयान देना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन, अगर सभी चीजें योजना के अनुसार रही तो आप शुभमन गिल, ऋषभ पंत या पृथ्वी साव को दिग्गजों के साथ समय बिताते हुए देख सकते हैं। वे न केवल क्रिकेट स्किल बल्कि खेल के मानसिक पक्ष पर भी चर्चा कर सकते हैं।

### बोपन्ना क्वार्टरफाइनल में, शरण पेरिस मास्टर्स से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव के साथ मिलकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि हमवतन दिविज शरण दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गये। बोपन्ना और उनके कनाडाई जोड़ीदार ने महज 59 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में मैनुएल गोंजालेज की अमेरिकी-अर्जेंटीनी जोड़ी को 6-1, 6-3 से शिकस्त दी। उन्होंने चार बार अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़ी और इस शानदार जीत के दौरान उन्हें एक भी ब्रेकप्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन शरण और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार आर्टेम सिटाक को फैब्रिस मार्टिन और जेरेमी चार्डी की फ्रांसीसी जोड़ी से 53 मिनट में 2-6, 3-6 से हार का मुंह देखना पड़ा। शरण ने इस सत्र में दो खिताब जीते हैं। उन्होंने बोपन्ना के साथ मिलकर पुणे में और फिर इगोर जेलेने के साथ सेंट पीटर्सबर्ग में खिताब जीता था। वहीं बोपन्ना ने 2019 में शरण के साथ पुणे में एकमात्र ट्राफी हासिल की थी।

### फारुख इंजिनियर ने अनुष्का पर अपने कॉमेंट के लिए मांगी माफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजिनयर ने अपने उस बयान पर माफी मांगी है, जिसमें उन्होंने वर्ल्ड कप के दौरान अनुष्का शर्मा को सिलेक्टर्स द्वारा चाय पिलाने की बात कही थी। गुरुवार को टाइम्स ऑफ इंडिया में इंजिनियर के छपे एक इंटरव्यू में फारुख ने कहा था कि टीम इंडिया के सिलेक्टर्स वर्ल्ड कप में भारतीय कप्तान विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा को चाय परोस रहे थे। इसके बाद इंजिनियर के इस बयान पर अनुष्का ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। इंजिनियर ने एक टीवी चैनल पर दिए एक बयान में सफाई दी कि उनका कॉमेंट अनुष्का शर्मा पर नहीं बल्कि भारतीय चयनकर्ताओं पर व्यंग्य करते हुए निशाना था। टीवी चैनल रिपब्लिक से इस मुद्दे पर बात करते हुए इंजिनियर ने कहा, मैंने टीम इंडिया के सिलेक्टर्स पर व्यंग्य करते हुए यह टिप्पणी की थी और अब इसे राई का पहाड़ बनाया जा रहा है।

### शुभमन और मयंक ने की रनों की बारिश, फाइनल में भारत-सी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। सलामी बल्लेबाजों शुभमन गिल और मयंक अग्रवाल के शतक के बाद जलज सक्सेना के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत-सी ने शुक्रवार को यहां भारत-ए को 232 रन से रौंदकर देवधर ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत-सी के कप्तान गिल (142 गेंद में 143 रन) और टेस्ट सलामी बल्लेबाज अग्रवाल (111 गेंद में 120 रन) ने पहले विकेट के लिए 226 रन जोड़े, जिसके बाद सूर्य कुमार यादव ने सिर्फ 29 गेंद में नाबाद 72 रन की तूफानी पारी खेली। भारत-सी ने 50 ओवर में तीन विकेट पर 366 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑफ स्पिनर जलज सक्सेना की धारदार गेंदबाजी से भारत-सी ने इसके बाद भारत-ए को 29.5 ओवर में सिर्फ 134 रन पर ढेर करके टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। भारत-सी और गुरुवार को यहां भारत-ए को हराने वाली भारत-बी के बीच सोमवार को फाइनल खेला जाएगा।